कार्यालय प्रधान महालेखाकार(लेखा एवं हकदारी) पंजाब, चण्डीगढ़- 160017

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का कार्यवृत्त

कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) पंजाब एवं यू.टी. चण्डीगढ़ की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की वित्त वर्ष 2022-23 की जून समाप्त तिमाही बैठक दिनांक 20.07.2022 को सायं 3.30 बजे श्री होवैदा अब्बास, प्रधान महालेखाकार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में 30.06.2022 को समाप्त हुई तिमाही की प्रगति रिपोर्ट पर विचार-विमर्श हुआ। इस बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित थे:-

क्रमांक	नाम व पदनाम सर्व श्री / सुश्री	अभ्युक्ति
1.	आकाश गोयल, वरिष्ठ उप महालेखाकार	सदस्य
2.	सरवन लाल कटोच, वरिष्ठ लेखा अधिकारी	सदस्य
3.	मुखत्यार सिंह, वरिष्ठ लेखा अधिकारी	सदस्य
4.	गुरप्रताप सिंह, वरिष्ठ लेखा अधिकारी	सदस्य
5.	मधुबाला सैनी, वरिष्ठ लेखा अधिकारी	सदस्य
6.	जतिंदर पाल मालिक, वरिष्ठ लेखा अधिकारी	सदस्य
7.	जय गोपाल वर्मा, वरिष्ठ लेखा अधिकारी	सदस्य
8.	रविंदर सिंह, वरिष्ठ लेखा अधिकारी	सदस्य
9.	सीमा गुप्ता, वरिष्ठ लेखा अधिकारी	सदस्य
10.	राकेश रंजन मिश्रा, हिंदी अधिकारी	सदस्य
11.	एकता, वरिष्ठ अनुवादक	सदस्य
12.	कविता शर्मा, कनिष्ठ अनुवादक	सदस्य
13.	मनीष कुमार, कनिष्ठ अनुवादक	सदस्य
14.	अंकित कुमार, कनिष्ठ अनुवादक	सदस्य

1. **गत बैठक के कार्यवृत्त का पुनरीक्षण और पुष्टि**

   बैठक में गत बैठक के कार्यवृत्त का पुनरीक्षण कर उसकी पुष्टि कर दी गई।

2. **30-06-2022 को समाप्त हुई तिमाही की हिन्दी प्रगति रिपोर्ट पर विचार-विमर्श**

   30-06-2022 को समाप्त हुई तिमाही की हिन्दी प्रगति रिपोर्ट पर विचार- विमर्श हुआ। 'क' और 'ख' क्षेत्रों के लिये हिन्दी पत्राचार के 90 प्रतिशत निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष इस कार्यालय से 'क' तथा 'ख' क्षेत्र के साथ पत्राचार क्रमशः 93.77 तथा 86.27 प्रतिशत रहा जिस पर अध्यक्ष महोदय ने सभी अनुभागों को 'ख' क्षेत्र में प्रतिशतता बढाने को कहा।

3. **हिन्दी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक का कार्यालय/ गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के आदेशों एवं वार्षिक कार्यक्रम का अनुपालन**

   बैठक में हिन्दी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के कार्यालय/गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग से प्राप्त आदेशों और निर्देशों के विषय में अध्यक्ष महोदय को इस तथ्य से अवगत कराया गया कि सभी संबंधित आदेशों और निर्देशों पर यथानुसार कार्रवाई कर दी गई और उन्होंने इस संबंध में संतोष व्यक्त किया।

4. **हिंदी टंकण शब्द संसाधन प्रशिक्षण के सम्बन्ध में**
अध्यक्ष महोदय ने यह आदेश दिया कि हिंदी टंकण/शब्द संसाधन प्रशिक्षण के लिए कार्य की बाध्यता को देखते हुए कर्मचारियों को पूर्ण कार्यदिवस के लिए नामित नहीं किया जा सकता है। टंकण के लिए नामित कर्मचारी यदि कक्षाओं में अनुपस्थित होते हैं तो इसकी जानकारी प्रधान महालेखाकार महोदय को दी जाए।

5. **तिमाही रिपोर्ट में की जाने वाली प्रविष्टियों/आंकड़ो के सम्बन्ध में**
अध्यक्ष महोदय ने यह आदेश दिया कि तिमाही रिपोर्ट के प्रेषण के साथ प्रविष्टियों/आंकड़ो की सत्यता सम्बन्धी प्रमाण पत्र वरिष्ठ लेखा अधिकारी से हस्ताक्षरित होने पर ही प्रेषित किया जाए। इस सन्दर्भ में एक पत्र परिचालित किया जाए। प्रधान महालेखाकार महोदय ने आदेश दिया कि तिमाही रिपोर्ट प्राप्त करते समय यह सुनिश्चित करें कि रिपोर्ट में आंकड़े भरे जाने का स्त्रोत क्या है।

6. **अंकुर पत्रिका के मुद्रण के सम्बन्ध में**
अध्यक्ष महोदय ने यह आदेश दिया कि **अंकुर पत्रिका का मुद्रण छः माही** किया जाए। तथा इसकी गुणवत्ता को और अधिक बढाया जाए।

7. **संसदीय प्रश्नावली तैयार करने के सम्बन्ध में**
अध्यक्ष महोदय ने संसदीय प्रश्नावली के विषय में पूछा, जिसके विषय में यह अवगत करवाया गया कि यह प्रश्नावली प्रक्रियाधीन है और कुछ अनुभागों से आंकड़े आने पर इसे पूरा कर प्रधान महालेखाकार के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किया जाएगा।

8. **अनुभागों को शत प्रतिशत कार्य हिंदी में करने हेतु विनिर्दिष्ट करने के सम्बन्ध में**
प्रधान महालेखाकार महोदय ने आदेश दिया कि **पी.ए.ओ.-एन.पी.एस.** अनुभाग तथा **प्रशासन-1 अनुभाग** शत प्रतिशत कार्य हिंदी में करेंगें।

9. **न.रा.का.स. शब्द ज्ञान प्रतियोगिता के आयोजन के सम्बन्ध में**
अध्यक्ष महोदय ने यह आदेश दिया कि 31 अगस्त 2022 को न.रा.का.स. बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार शब्द ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित करवाई जाए।

10. **हिंदी पखवाड़ा 2022 के सम्बन्ध में**
अध्यक्ष महोदय ने यह आदेश दिया कि हिंदी पखवाड़ा 2022 के लिए प्रतियोगिताएँ आयोजित करवाई जाएं। यदि संभव हो तो बच्चों को प्रतियोगिताओ में शामिल किया जाए। हिंदी पखवाड़ा के आयोजन के सम्बन्ध में मुख्यालय तथा राजभाषा अनुभाग के आदेशो की अनुपालना की जाए।

11. **अनुभागों से संबंधित निरीक्षण**
समिति को यह बताया गया कि अनुभागों से निरीक्षण कार्य में सहयोग अपेक्षित है, किन्तु कुछ अनुभागों द्वारा निरीक्षण प्रतिवेदनों की अनुपालना प्राप्त होने में विलम्ब होने के कारण अग्रिम कार्रवाई प्रभावित हो रही है। प्रधान महालेखाकार महोदय ने आदेश दिया कि नियंत्रक अधिकारी इसका ध्यान रखें और राजभाषा सम्बन्धी निरीक्षण में सहयोग दें।

अध्यक्ष महोदय के प्रति धन्यवाद-प्रस्ताव के साथ बैठक संपन्न हुई ।

हस्ता —

उप महालेखाकार(प्रशासन)